आयोजन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा ब्रह्मकुमारीज का अभियान, निकाली बाइक रैली

# मन के नियंत्रण से ही स्टेयरिंग का नियंत्रण संभव

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

राजगढ़. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजगढ़ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्रह्मा कुमारीज के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा पूरे भारत वर्ष में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय को लेकर 75 बाइकर्स द्वारा सुरक्षित भारत अभियान निकाला गया है। अभियान का जिला स्तरीय उदघाटन सुबह 9 बजे खिलचीपुर नाके पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, राजगढ़ विधायक बापू सिंह तंवर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रोजेक्ट ऑफिसर विक्रम सिंह ठाकुर, भाजपा नेता मनोज हाड़ा एवं ब्रह्मा कुमारीज की जिला प्रभारी पीके मधु ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान मधु दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गाड़ी चलाते समय हमारा मन शांत होना चाहिए। आज सभी के संकल्प भी तेजी से चलते है, इसलिए गाड़ी भी तेज भागती है। मन पर नियंत्रण से ही स्टेरिंग पर नियंत्रण संभव है। राजयोग मेडिटेशन से ही मन को शांत और संतुलित किया जा सकता है। ट्रैफिक सिग्नल में जब हम खड़े है तो उस समय को सफल करते हुए परमात्मा को याद कर मन को शांत करे। रोड पर चलते समय बड़े बुजुर्ग लोगों को पहले रास्ता दें। पहले आप कहने से दुआएं भी मिलेगी और जीवन सुरक्षित भी रहेगा। ट्रैफिक नियमों का पालन करना हम सब की मौलिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि बहुत अच्छा आयोजन है। इस प्रकार के कार्यक्रम से निश्चित तौर पर समाज में परिवर्तन आएगा। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने इस अभियान को जन जन का अभियान बनाने की बात कही व सभी से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। विधायक बापू सिंह तवर ने ब्रह्माकुमारीज के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं राजयोग से विचारों में शांति, सद्भावना वह सड़क दुर्घटना से निश्चित रूप से सुरक्षित होने की बात कही। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय को लेकर कुमारों ने बहुत सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर चित्रगुप्त और यमदूत द्वारा जनता को रोड सेफ्टी अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों ने मोटरसाइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान यात्रियों ने अनुशासित लाइन से बस स्टैंड, मेनमार्केट, पुराना बस स्टैंड, अस्पताल रोड होते हुए खिलचीपुर शहर में जागृति संदेश देते हुए बस स्टैंड स्थित शिव गीता पेट्रोल पंप में संपन्न हुई।




राजगढ़. बाइक यात्रा में शमिल लोग।

**रैली** सुरक्षित भारत अभियान के तहत निकाली बाइक रैली

# गाड़ी चलाते समय हमारा मन शांत होना चाहिए: बीके मधु

राजगढ़ (नवदुनिया प्रतिनिधि)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजगढ़ द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्रह्मकुमारी के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा पुरे भारत वर्ष में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षाथ विषय को लेकर 75 बाइकर्स द्वारा सुरक्षित भारत अभियान के तहत रैली निकाली। अभियान का जिला स्तरीय उद्घाटन प्रातः 9 बजे खिलचीपुर नाके पर शुरू किया। कार्यक्रम के दौरान बीके मधु ने अपने दिव्य उदबोधन में कहा कि गाड़ी चलाते समय हमारा मन शांत होना चाहिए। आज सभी के संकल्प भी तेजी से चलते है इसलिए गाड़ी भी तेज भागती है। मन पर नियंत्रण से ही स्टेयरिंग पर नियंत्रण संभव है। राजयोग मैडिटेशन से ही मन को शांत और संतुलित किया जा सकता है। ट्रैफिक सिग्नल में जब हम खड़े है तो उस समय को सफल करते हुये परमात्मा को याद कर मन को शांत करें। रोड पर चलते समय बड़े बुजुर्ग लोगों को पहले रास्ता दे पहले आप कहने से दुआएं भी मिलेगी और जीवन सुरक्षित भी रहेगा। ट्रैफिक नियमों का पालन करना हम सब की मौलिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित इस आयोजन की सराहना की। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने इस अभियान को जन जन का अभियान बनाने की बात कही व सभी से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की। विधायक बाबू सिंह तवर ने ब्रह्माकुमारीज के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं राजयोग से विचारों में शांति, सद्भावना वह सड़क दुर्घटना से निश्चित रूप से सुरक्षित होने की बात कही। कलेक्टर, एसपी, विधायक, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रोजेक्ट ऑफिसर विक्रम सिंह ठाकुर,



सुरक्षित यातायात का संदेश देने निकाली बाइक रैली। ● नवदुनिया

## अतिथियों ने बाइकें चलाकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय को लेकर कुमारों ने वहुर सुन्दर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर, चित्रगुप्त ध और यमदूत द्वारा जनता को रोड सेफ्टी अपनाने का सन्देश दिया। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों ने मोटर साइकिल यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्टर, एसपी ने भी यात्रियों में शामिल होकर वाइकें चलाई। यात्रियों ने अनुशासित लाइन से वस स्टैंड, मेनमार्केट, पुराना वस स्टैंड, अस्पताल रोड होते हुए खिलचीपुर शहर में जागृति संदेश देते हुए वस स्टैंड स्थित शिव गीता पेट्रोल पंप में संपन्न हुई। ट्रैफिक नियमों का पालन करने की प्रतिज्ञा, कार्यक्रम का संचालन एवं आभार वीके सुरेखा ने किया।

भाजपा नेता मनोज हाडा एवं ब्रह्मा कुमारीज की जिला प्रभारी पीके मधु ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की थी।

हरिभूमि ाल - गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि
4 Apr 2022

## मन पर नियंत्रण से वाहन के स्टेयरिंग पर भी होता है नियंत्रण

# ब्रह्मकुमारी के सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रविवार को खिलचीपुर नाके पर कलेक्टर हर्ष दीक्षित, एसपी प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में एक वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें 75 बाईकर्स शामिल हुए।

संस्था की मधु दीदी ने अपने उदबोधन में कहा कि वाहन चलाते समय हमारा मन शांत रहेगा तो वाहन के स्टेयरिंग पर भी नियंत्रण रह पाएगा। राजयोग मेडीटेशन से मन को शांत व संतुलित किया जा सकता है। रोड पर चलते समय



बुजुर्गों के वाहनों को पहले रास्ता दें जिससे दुआएं मिलेंगी व जीवन भी सुरक्षित रहेगा। पुलिस अधीक्षक ने इस अभिान को जन-जन का अभियान बनाने की बात कही। विधायक बापूसिंह तंवर ने संस्था के प्रयास को अनुकरणीय बताया।

**एसपी ने भी चलाइ बाईक:** बाईक रैली में आमजनों के साथ ही पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने भी बाईक चलाई। मेन मार्केट से होकर बाईक रैली खिलचीपुर शहर में जागृति संदेश देते हुए संपन्न हुई। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रोजेक्ट ऑफिसर विक्रम ठाकुर, भाजपा नेता मनोज हाड़ा सहित अन्य शामिल हुए।

